दिनांक : 20 फरवरी, 2014

राज्य सभा आज शाम 5 बजे क्यों स्थगित कर दी गई?

– अरुण जेटली
राज्य सभा में विपक्ष के नेता

राज्य सभा की बैठक शाम 5 बजे जिस तरीके से अचानक स्थगित कर दी गई उसे देखकर मुझे आश्चर्य हुआ। मैं समझता हूं कि 'आंध्र प्रदेश विभाजन विधेयक 2014' पर चर्चा करने के लिए आज सदन की बैठक देर रात तक हो सकती थी।

भाजपा दोनों सिद्धांतों के लिए प्रतिबद्ध है। तेलंगाना राज्य का गठन हो और सीमान्ध्र को न्याय मिले। इस दिशा में हमारे प्रयास कल जारी रहेंगे।

समूचे विपक्ष ने इस बात पर जोर दिया है कि चर्चा तभी होनी चाहिए जब सदन की कार्यवाही का सीधा प्रसारण हो। लोगों को यह जानने का पूरा अधिकार है कि उनके प्रतिनिधि क्या कह रहे हैं।

✲✲✲✲✲